Re: Need to upgrade Prayagraj Airport as international airport and to complete Bhagwatpur-Begum Bazaar railway overbridge

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): प्रयागराज पर एअरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारम्भ 16 दिसम्बर, 2018 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के करकमलों द्वारा हुआ था । वर्तमान समय में प्रयागराज एअरपोर्ट से लगभग 16 फ्लाइट आवागमन कर रही हैं, इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है। अतः सरकार से निम्नलिखित कार्य करने के लिये विनम्र निवेदन है :- प्रयागराज एअरपोर्ट उत्तर प्रदेश का तीसरे नंबर का सबसे बड़ा एअरपोर्ट है एवं प्रयागराज उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक आबादी वाला जिला है । प्रयागराज एअरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एअरपोर्ट बनाया जाये क्योकि इसका आकार बढेगा तो यहाँ रोजगार के नए अवसर मिलेंगे । यहाँ के बहुत सारे लोग मिडिल ईस्ट में कार्यरत हैं और अन्य पूर्वांचल के जिलों एवं मध्य प्रदेश के सटे हुए जिलों के निवासियों को भी इसका लाभ होगा । प्रयागराज में 2025 में महाकुम्भ होना है जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन होगा । इसलिए आने वाले महाकुम्भ-2025 को ध्यान में रखते हुए भी प्रयागराज को अन्तर्राष्ट्रीय एअरपोर्ट बनाना अति आवश्यक हो जाता है, क्योंकि महाकुम्भ में लोगों की विशेष आस्था है। इसमें शामिल होने के लिये लोग सम्पूर्ण भारत एवं समस्त राज्यों से आयेंगे और उन्हें यात्रा करने में किसी भी प्रकार की बाधा ना आये इसके लिये कुछ मार्ग जैसे प्रयागराज-कोलकाता-प्रयागराज, चेन्नई-प्रयागराज, प्रयागराज-नागपुर-हैदराबाद-नागपुर-प्रयागराज, प्रयागराज-आगरा-जयपुर-आगरा और प्रयागराज ?पटना ?प्रयागराज पर भी विमान यात्रा शुरू की जाये तो जनहित के लिहाज से अनुकूल होगा। यह भी संज्ञान में लाया जाता है कि प्रयागराज एअरपोर्ट पर नाईट लैंडिंग की सुविधाएं हैं लेकिन अभी तक रात में विमानों का आवागमन शुरू नहीं किया गया है क्योंकि सेना की तरफ से अनुमति नहीं मिल रही है। एअरपोर्ट में पहुचने के लिये निर्माणाधीन भागवतपुर- बेगम बाज़ार रेलवे ओवर ब्रिज, जिसका लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है एवं वायुसेना की तरफ से एन०ओ०सी० न मिलने कीवजह से रुका पड़ा है, का कार्य भी तत्काल पूर्ण करवाने की कृपा करें ।